## स्पीड न्यूज

### जर्जर सड़क निर्माण की मांग को ले प्रदर्शन



**हरिहरगंज पलामू।** शहरी क्षेत्र से गुजरने वाले एनएच 139 जर्जर सड़क निर्माण की मांग को लेकर स्थानीय दुकानदारों ने राजद नेता कमलेश यादव तथा मो डायमंड अली के नेतृत्व में पुरानी बस स्टैंड के समीप सड़क पर प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी दुकान बंद कर प्रदर्शन किया। कहा कि जर्जर सड़क होने के कारण उड़ते धूल से जीना मुहाल हो गया है। मौके पर उपेंद्र कुमार, मो सलीम, मो अलीम, श्रवण कुमार, मुन्ना कुमार, रंजन कुमार, मो जुगनू, बब्लू कुमार, मो जमिक थे।

### पाटन बीडीओ ने की समीक्षा बैठक



**पाटन पलामू।** बीडीओ अमित झा ने सोमवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में सभी मुखिया प्रतिनिधि, प्रखंड-अंचलकर्मी, पुलिसकर्मी, बीस सूत्री अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व अन्य कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। बीडीओ ने राज्य सरकार के मंत्री बेबी देवी, जोबा मांझी व विधायक कल्पना सोरेन के आगमन को लेकर तैयारी का जायजा लिया।

### लालबहादुर चौरसिया ने बांटा कंबल



**चैनपुर पलामू।** समाजसेवी लालबहादुर चौरसिया उर्फ बब्लू चौरसिया ने अपने आवास कटुवल में गरीबों के बिच आने वाले ठंड से राहत के लिए कंबल बांटा। कहा कि पिछले 15 वर्षों से हर साल जाड़े के महीने में जरुरतमंदों के बीच कंबल बांटते आ रहे हैं। समाजसेवा की बदौलत मंझिगावा पंचायत की जनता ने पत्नी प्रभा देवी को पंसस बनाकर सेवा का अवसर दिया है। मौके पर विधायक आलोक चौरसिया, भीष्म चौरसिया आदि भी थे।

### उत्तम दस्तावेज है भारतीय संविधान इसका हर घर में हो पाठ : अविनाश देव



**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के बजराहा में भारतीय संविधान पाठ सह मूल निवासी मेला लगा। जिसमें संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन सह झामुमो युवा नेता अविनाश देव शामिल हुए। श्री देव ने मेला का उद्घाटन किया। कहा कि भारतीय संविधान देश चलाने का उत्तम दस्तावेज है। अतः इसका हर घर में पाठ करना अतिआवश्यक है। मौके पर बच्चों के बीच निबंध प्रतियोगिता हुई, जिसका विषय डॉ अंबेडकर एवं उनके विचार था। विजेता पुरस्कृत किये गये। मौके पर रवि पाल, शत्रुघ्न कुमार शत्रु व कई लोग जुटे थे।

### जनसमस्या का समाधान करें बिजली विभाग के पदाधिकारी : बीडी प्रसाद



**मेदिनीनगर।** ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद उर्फ बीडी प्रसाद बिजली समस्या को लेकर विद्युत विभाग डालटनगंज के कार्यपालक से मिले। उन्होंने वार्ड 17 और 19 के लालमाटी, कोसियार एवं हरहेपा में 25 दिनों से बिजली कटने की जानकारी दी। श्री प्रसाद ने कहा कि यहां पर जल्द बिजली दी जाये। कार्यपालक अभियंता ने कहा कि वे पांच दिनों के अंदर वहां पर बिजली की समस्या को दूर करेंगे।

### कुआं में गिरने से मां-बेटी की मौत

**हुसैनबाद पलामू।** उर्दवार मंजुराहा पंचायत के दुअरा गांव के कानूपट्टी की गीता देवी (28) और उसकी बेटी पायल (2.5) की संदिग्ध हालात में कुएं में गिरने से मौत हो गयी। मृतका का पति नागेंद्र साव काम के सिलसिले में बाहर रहता है जबकि उसकी पत्नी, सास और गोतनी के साथ घर में रहती थी। घटना बीती रात की बतायी जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच शवों पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। मौत के पीछे की वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### सीपीआर प्रशिक्षण को हरेक स्तर तक ले जाना है : लायंस डॉ गौरव विशाल



**मेदिनीनगर।** रामचंद्र चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज फ्रॉम हॉस्पिटल विश्रामपुर में आयोजित लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ गौरव विशाल ने सीपीआर ट्रेनिंग को हरेक स्तर तक ले जाने के लक्ष्य में एक कदम और रखने का प्रयास किया गया है। कहा कि इमरजेंसी में किसी की जान बचाने के लिए यह तकनीक बहुत ही ज्यादा उपयोगी साबित होती है और इसका लाभ हरेक स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों और सरकारी विभागों के माध्यम से लोगों को मिले इसके लिए प्रयास होना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सब विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, आर सी यूनिवर्सिटी के चासलर ईश्वर सागर चंद्रवंशी, आरसी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो डॉ कल्याण कुमार, सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह, डॉ अनिल श्रीवास्तव, नेशनल मेडिकल आर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष डॉ केपी सिन्हा सहित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के डॉक्टर मौजूद थे।

### प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के कोर कमेटी की बैठक आयोजित

**मेदिनीनगर।** बाईपास रोड स्थित शांतिकुलम आवासीय विद्यालय के सभागार में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के कोर कमेटी की बैठक अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में की गई। बैठक में शिक्षक सम्मान समारोह 2024 की समीक्षा के साथ-साथ अन्य कई प्रस्तावों पर विचार किया गया। जिसमें एसोसिएशन के सभी सदस्यों का सत्र 2023-24 के सदस्यता शुल्क जमा कराने से लेकर स्थापना दिवस मनाने के विषय पर विस्तृत चर्चा हुई जिसे कोर कमेटी में मौजूद सभी सदस्यों ने ध्वनिमत से पारित किया। कोषाध्यक्ष आनंद कुमार ने आय-व्यय का ब्योरा सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। बैठक में एसोसिएशन के संरक्षक अविनाश वर्मा, रामानुज सिंह, स्टेट को-ऑर्डिनेटर चंद्रभूषण सिन्हा भी थे।

# आपके बेटा के रहते संविधान को कोई हाथ तक नहीं लगा सकता : चिराग पासवान

■ झारखंड में जल्द विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं, जो निर्धारित करेंगे झारखंड के पांच वर्ष का भविष्य, ध्यान रखें

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड के लेस्लीगंज मुख्य बाजार में अटल स्मृति भवन के बगल में बाबा चौहरमल एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की आदमकद प्रतिमा का अनावरण और चौहरमल पार्क का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने किया।

मौके पर जमुई सांसद अरुण भारती, खगरिया सांसद राजेश वर्मा, पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता, लोजपा प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रधान, जिप अध्यक्षा प्रतिमा देवी शामिल हुए। विधायक डॉ मेहता ने चिराग पासवान को तलवार एवं चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। जिसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरुष युवा शामिल थे। श्री पासवान ने कहा कि मेरा जन्म एकीकृत बिहार-झारखंड के समय हुआ था। इस नाते मेरा यहां जन्मभूमि भी है।

आज हमें अपने परिवार के बीच आने का मौका मिला। आगे उन्होंने पांकी विधायक की प्रशंसा कर कहा कि समाज के सभी वर्गों को लेकर चलने वाले ऐसे सेवक की जरूरत है। इंडिया गठबंधन की झारखंड सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि जिस प्रदेश का मुखिया को भ्रष्टाचार के मामले में जेल जाना पड़े वह प्रदेश की जनता ख्याल रखेगा। जिससे हमलोंगों को शर्मसार होना पड़े।

अपने पिता के पद चिन्हों पर चलते हुए उनको सिर्फ बिहार ही नहीं बल्कि बिहार और झारखंड दोनों की चिंता रहती है। झारखंड में जल्द विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं, जो निर्धारित करेंगे झारखंड के 5 वर्ष का भविष्य। जिस इंडिया गठबंधन ने पूरे देश में संविधान बदलने वाली भ्रमिक खबर को फैलाया। आज वही लोग कहते हैं कि संविधान बदला जायेगा लेकिन जब तक आपका यह बेटा चिराग रहेगा, संविधान को कोई हाथ तक नहीं लगा सकता है।




दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि और केंद्रीय मंत्री को तलवार-मुकुट भेंट करते पांकी विधायक।

**कार्यक्रम की खास बातें :** राज्य की हेमंत सोरेन की सरकार ने चौकीदारी भर्ती में भी हरिजन आरक्षण को खत्म कर दिया है। लवली गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि निर्मल मेहता, विवेक कुमार सिंह, वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पलामू के संदीप पासवान, संजय वर्मा, प्रमुख सुनील पासवान, अजय गुप्ता, मंजू लता, अजय पासवान, जितेंद्र तिवारी, लाल प्रसाद यादव, श्याम नंदन ओझा, छोटेलाल प्रसाद सोनी, अजीत प्रसाद, अंतू यादव, विजय शर्मा सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

- चिराग पासवान ने वीर चौहरमल पार्क एवं मंत्री स्व रामविलास पासवान की प्रतिमा का किया अनावरण
- पिता के पदचिह्नों पर चलकर बिहार और झारखंड दोनों की चिंता रहती है

### चौहरमल पार्क का उद्घाटन करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है : विधायक

■ गरीबों के मसीहा थे पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास



विधायक डॉक्टर कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने कहा की बाबा वीर चौहरमल, राजनीतिक गुरु पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान की आदमकद प्रतिमा का अनावरण और बाबा वीर चौहरमल पार्क का उद्घाटन करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। गरीबों की उत्थान के बारे में अंतिम सांस तक कार्य करने वाले ऐसे गरीबों के मसीहा पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान सबके आदर्श थे। विधायक ने स्व रामविलास पासवान की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन भी अर्पित किये।

परिवर्तन संकल्प रैली में सभा में उमड़ी भीड़, राज्य सरकार पर जमकर बरसे पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, कहा

# झारखंड में जनकल्याण की नहीं जेहाद की सरकार, उखाड़ फेंकें

**अमित/ महेंद्र**

**उंटारी रोड/ विश्रामपुर।** भाजपा के फायर ब्रांड नेता सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि झारखंड में जनकल्याण की नहीं बल्कि जेहाद की सरकार है। सीएम हेमंत सोरेन के संरक्षण में लव जेहाद से लेकर लैंड जेहाद तक चल रहा है। मासूम आदिवासी बच्चियों को लव जिहाद में फंसाने बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठी रैकेट चला रहे हैं। मूलवासियों की जमीन लूटी जा रही है, जिससे राज्य की डेमोग्राफी बदल रही है। प्रदेश का अस्तित्व खतरे में पड़ते जा रहा है। श्री ठाकुर सोमवार को विश्रामपुर विस क्षेत्र के उंटारी प्रखंड मुख्यालय में भाजपा द्वारा आयोजित परिवर्तन संकल्प रैली के सभा में उमड़ी महती सभा को संबोधित कर रहे थे।



■ सभा में कार्यक्रम प्रभारी सह चतरा के पूर्व सांसद सुनील सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, वरिष्ठ भाजपा नेता रामाशीष यादव, जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, भाजपा नेत्री संध्या सिंह, भाजपा गढ़वा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद मेहता, टिकैत चौबे, विभाकर नारायण पांडेय, जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, जवाहर पासवान, बजेंद्र पाठक, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, विपिन बिहारी सिंह, रूपा सिंह, नरेंद्र पांडेय, विजेंद्र पाठक, धर्मदेव सिंह यादव, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विकाश प्रीतम, इदरीश हवारी, बबन राम, अमरेश तिवारी, सुशील ठाकुर, रघुवीर सिंह चंद्रवंशी, सुरेंद्र नाथ तिवारी, नीरज तिवारी, अमित प्रजापति मौजूद थे।



■ **संकल्प सभा में कई लोग हुए भाजपा मे शामिल :** संकल्प महासभा के दौरान कई लोग आज भाजपा में शामिल हुए, जिसमें खैरा विकास मंच के अध्यक्ष ललन पांडेय, कांग्रेस के पूर्व जिला सचिव मनोज शुक्ला, पूर्व पार्षद भारदूल चौधरी, रामप्यारे विश्वकर्मा, दिनेश विश्वकर्मा व चतुरी राम का नाम प्रमुख है। सभी को पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया।

# सक्षम के परिवार को मुआवजा तत्काल मिले : अरुणा शंकर

■ पूरे व्यवसायी जगत में शोक की लहर : चेंबर अध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** तीन दिनों से खोज चल रही बाजार के व्यवसायी बलि साहू के पोते बंटी के बेटे सक्षम की बॉडी अंततः सिगरा से मिल गयी। तीन दिन हो जाने से बॉडी फुल चुका था। इस पूरी घटना पर सक्रिय चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर को जैसे ही पता चला कि बॉडी मिल गयी है। तुरंत उन्होंने निगम से शव वाहन को भेज कर बॉडी को पोस्टमार्टम हेतु भेजवाया। उन्होंने जिला के आरक्षी अधीक्षक से बात कर अनुरोध किया कि बॉडी को रांची पोस्टमार्टम हेतु ना भेजी जाये उसे यही पोस्टमार्टम करा कर बॉडी को परिजनों को दे दी जाये जिस पर आरक्षी अधीक्षक ने कहा कि अगर डॉक्टर यहां पोस्टमार्टम कर सकते हैं तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है।




**खास बातें :** श्री शंकर ने सांसद बीडी राम से अनुरोध किया कि डॉ राजीव रंजन से बात कर पोस्टमार्टम यहीं कर दी जाये। वहीं प्रथम महापौर अरुणा शंकर सक्षम के घर जाकर अपनी संवेदना प्रकट कर कहा कि हमारे शहर के लिए और राज्य के लिए दुखद बात इतनी बड़ी घटना तीन दिन बीतने के बाद भी प्रशासन गोताखोर नहीं बुला सकी। वही बाजार के व्यवसायियों में काफी रोष है। व्यवसाइयों ने कहा कि अगर आनंद एवं अरुणा शंकर जो हम सबों के दुख सुख के साथी हैं नहीं होते और अपने निजी खर्चे से दाउदनगर से गोताखोर नहीं बुलाते तो हम सबके पास कोई विकल्प नहीं होता। सभी व्यवसाइयों ने आनंद एवं अरुणा शंकर को इस सहयोग के लिए भूरी भूरी प्रशंसा की। प्रथम महापौर ने उपायुक्त पलामू से अनुरोध किया है सक्षम के मां-बाप आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से आते उन्हें सरकार की ओर से मिलने वाली चार लाख की राशि तुरंत दे क्योंकि अब उनका इकलौता पुत्र जो इस परिवार का सहारा था अब नहीं रहा।

### दो माह बाद नाबालिग बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार



**पाटन पलामू।** थाना क्षेत्र की नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला दो महीना पहले दर्ज किया गया था जिसके लिए पुलिस लगातार छापामारी कर रही थी। दो महीने बाद नाबालिग लडकी को अररिया जिला से पुलिस ने बरामद कर लिया है। साथ ही अभियुक्त को भी गिरफ़्तार कर लिया गया है। लड़का का नाम मुकेश मंडल है जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### शौचालय विहीन है बुढ़ीबीर उच्च विद्यालय



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय बुढ़ीबीर चैनपुर 2 में शौचालय का अभाव है। विद्यार्थी खुले में शौच मुक्त भारत होने के बावजूद खुले में शौच जाने को मजबूर हैं। विद्यालय के कुल 580 विद्यार्थियों में 323 छात्राएं हैं। विद्यालय परिसर में बने शौचालय का पानी टंकी टूटा हुआ है। वहीं शौचालय में ताला लटका मिला। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा ने कहा कि मामले की जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

### वेतन की गुहार उपायुक्त से लगायेंगे चौकीदार



**सतबरवा।** सतबरवा थाना में कार्यरत चौकीदारों ने उपायुक्त पलामू के पास वेतन नहीं मिलने की शिकायत करने का मन बनाया है। चौकीदारों को चार महीने से वेतन नहीं मिला है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो गयी है। चौकीदार सुदेश्वर मांझी, भवनाथ मांझी, रामलाल पासवान, राजू पासवान ने बताया कि 4 माह से वेतन नहीं मिला है। हम लोगों का वेतन सीओ कार्यालय से अग्रसारित कर जिला भेजा जाता है। सीओ तथा कार्यालय के प्रधान सहायक से कई बार वेतन देने के लिए जिला में भेजने का आग्रह कर चुके हैं। मौके पर मजीद मियां, गुड्डू पासवान, नेहा कुमारी सभी चौकीदार मौजूद थे।

### खाटिन ग्राम में हुई महिलाओं की वार्षिक आमसभा



**छतरपुर पलामू।** प्रखंड के ग्राम खाटिन में छतरपुर महिला थाना प्रभारी व बाल संरक्षण व अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने महिलाओं के वार्षिक आम सभा में महिलाओं व बच्चों के विरूद्ध हो रहे अपराधों व घरेलू हिंसा की जानकारी दी। इससे बचने व हो रहे अपराधों पर विरोध करने के उपाये बताये गये। बच्चों को बाल विवाह से बचाने व उनके भविष्य के पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कराने के लिए प्रोत्साहित किया। महिलाओं को बढ़ रहे डायन बिसाही व अंधविश्वास के बारे में जागरूक किया गया व इससे दूर रहने की सलाह दी गयी।

## अमानत नदी में नहाने के दौरान डूबने से युवक की मौत, देर शाम तक नहीं मिला शव

■ एनडीआरएफ टीम बुलाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया पथ जाम

■ लगभग दो घंटे के बाद सदर थाना प्रभारी के आश्वासन के बाद हटा जाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अमानत नदी में नहाने के दौरान एक युवक की मौत हो गई। देर शाम तक युवक का शव बरामद नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों ने दिनभर शव की खोजबीन की गयी। लेकिन शव नहीं मिला। शव नहीं मिलने से आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने मेदिनीनगर -औरंगाबाद मुख्य पथ को अमानत नदी के पास जाम कर दिया। लगभग लगभग दो घंटे जाम रहने के बाद सदर थाना प्रभारी प्रभारी के आश्वासन के बाद आश्वासन के बाद जाम हटाया गया। मालूम हो कि सोमवार की सुबह करीब 10 बजे सदर थाना



क्षेत्र के सिंगरा कला के संदर भुइया अमानत नदी में नहाने गया था। इसी दौरान इसी दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर सदर थाना प्रभारी घटना स्थल पहुंच स्थानीय युवकों के सहयोग से शव को खोजने का प्रयास किया(

## संगठन की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में दी गयी समुचित जानकारी

■ विश्रामपुर में राधा स्वामी संगठन का हुआ कार्यकर्ता सम्मेलन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** प्रखंड नगर परिषद के बीमोड़ पर राधा स्वामी संगठन का कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड कॉर्डिनेटर सूरज पांडेय व संचालन अजय साहू ने किया। कार्यक्रम की शुरूवात बतौर मुख्य अतिथि राधा स्वामी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष दीपक शर्मा सहित गढ़वा जिलाध्यक्ष संतोष कुमार, पलामू जिलाध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद व सुदीत कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि संगठन पलामू जिला में चार



योजना पर काम कर रहा है। जिसमें कन्यादान योजना, आवास, वाहन व एफएमसीजी योजना शामिल है। जिसे अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में कार्य जारी है। लक्ष्य के प्रति जिला, प्रखंड व पंचायत कॉर्डिनेटर समर्पित होकर कार्य को गति दे रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कन्यादान योजना के लिए 201 रुपये में एक से 9 वर्ष तक कन्याओं का पंजीकरण कराया जाता है।

## आंगनबाड़ी केंद्र में कहीं ताला बंद तो कहीं-कहीं गिनती के बच्चे मिले

■ प्रखंड प्रमुख ने आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू)।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बूढ़ीवीर पंचायत के टोला बेलवादमार के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 1 और 2 का प्रमुख गायत्री देवी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में आंगनबाड़ी केंद्र सं 2 की सेविका साहिन बानो और सहायिका शीला देवी केंद्र पर उपस्थित थें। वहीं कुल रजिस्टर 30 बच्चें के अनुसार छह बच्चे की उपस्थिति मिली। साथ ही बच्चों से पूछे जाने पर समय



10 बजे तक नौनिहाल बच्चों को नाश्ता में कुछ भी नहीं दिया गया था। वहीं दूसरी और आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 1 की सेविका सरिता देवी और सहायिका केंद्र से गैरहाजिर मिली। साथ ही केंद्र पर बच्चें भी अनुपस्थित थे।

### विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस पदाधिकारियों की बैठक

**मेदिनीनगर/ विश्रामपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विश्रामपुर एसडीपीओ राकेश सिंह, पांडू अंचल के पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान, रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार, गढ़वा जिला के एसडीपीओ नीरज कुमार, गढ़वा शहर थाना प्रभारी वृज कुमार के बीच बैठक की गई। बैठक में चुनाव के पूर्व अपराधियों, नक्सलियों आदि के रोकथाम व शांतिपूर्ण समेत भयमुक्त चुनाव संपन्न कराये जाने हेतु अपराध व नक्सली गतिविधि के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई किये जाने के संबंध में चर्चा की गयी।

## भ्रष्टाचारमुक्त हुसैनाबाद का संकल्प : कर्नल संजय सिंह

■ 11 सूत्री प्रस्ताव किसान संकल्प महापंचायत में पारित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** जिले के जपला में किसान संकल्प महापंचायत आयोजित की गयी, जिसमें हजारों किसानों, मजदूरों, युवाओं व महिलाओं ने भाग लिया। इस महापंचायत का नेतृत्व किसान ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल (डॉ) संजय कुमार सिंह ने किया। इसका मुख्य उद्देश्य भ्रष्टाचार के खिलाफ एक संगठित लड़ाई शुरू करना था। मौके पर कर्नल सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद में भ्रष्टाचार सबसे बड़ी समस्या है, जो विकास योजनाओं से लेकर किसानों के अधिकारों की उपेक्षा तक हर क्षेत्र में फैला है।



■ मौके पर ओबरा के पूर्व विधायक सोम प्रकाश यादव, सचितानंद सिंह, श्याम नारायण सिंह, राम प्रवेश सिंह, बद्रीनारायण सिंह, अयोध्या सिंह, भुनेश सिंह, दुद्धेश्वर सिंह, भोला पासवान, लालधन ठाकुर, मृत्युंजय सिंह, इशरार अहमद गुड्डू आदि थे।

# दो माह से बीडीओ के नहीं रहने से सदर प्रखंड में कार्य प्रभावित : बीस सूत्री अध्यक्ष तेजू साव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड सभागार में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सदर प्रमुख बसंती देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष तेजू साव, सदर उप प्रमुख शीतल सिंह निराला ने दीप प्रज्वलित किया। शिविर में नगर निगम के कर्मी नजर नहीं आये। ब्लॉक के कर्मियों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों के आवेदन जमा लिये गये। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष तेजू साव ने कहा कि सतबरवा बीडीओ अभिषेक पांडेय सदर प्रखंड के बीडीओ के प्रभार में हैं। कहा कि दो माह से प्रभारी बीडीओ के नहीं आने के कारण सदर प्रखंड का विकास रूक गया है। ग्रामीणों के समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। कहा कि सदर प्रखंड में कहीं भी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बीडीओ की उपस्थिति नहीं रही। इस कारण ग्रामीणों को हक व अधिकार नहीं मिल पा रहा है। सदर प्रमुख ने कहा कि ग्रामीण सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आकर सरकारी योजना का लाभ लें। उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में नगर निगम कर्मियों का नहीं रहना दुर्भाग्यपूर्ण है। उप प्रमुख शीतल सिंह निराला ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सरकार की महत्वपूर्ण योजना है लेकिन कर्मियों द्वारा दिलचस्पी नहीं लिया जाना जनता के लिए भी दुर्भाग्यपूर्ण है। मौके पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी अनुप बिलियन लकड़ा, जेपीएस, पेंशन विभाग, स्वास्थ्य, आपूर्ति विभाग के कर्मी शामिल थे।



सदर प्रखंड में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

# गरीबों का शोषण कर रही राज्य सरकार : घूरन राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** भारतीय जनता पार्टी पाटन मंडल कार्यसमिति की बैठक पाटन डाक बंगला राजु सिंह के आवास पर आयोजित की गई। बैठक का संचालन पाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने की। बैठक में 24 सितंबर को पाटन मंडल में परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने पर चर्चा किया गया।

बैठक में पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज कुमार, पुर्व सांसद घुरन राम, पाटन छतरपुर विधानसभा के भावी प्रत्याशी प्रभात भुईयां एवं चन्द्रमा कुमारी ने भाग लिया। बैठक को सम्बोधित करते हुए पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि भाजपा पार्टी द्वारा सभी विधानसभा क्षेत्रों में परिवर्तन यात्रा निकाली जा रही है। परिवर्तन यात्रा में झारखंड के पुर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में निकाली जायेगी।

बैठक में परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी लोगों ने अपने अपने विचार रखा। बैठक में पुर्व सांसद घुरन राम ने कहा कि झारखंड सरकार गरीबों का शोषण कर रही है। इस सरकार आगामी चुनाव में उखाड़ फेंकने का काम किया जायेगा। वहीं प्रभात भुईयां ने कहा कि यह सरकार 2019 के चुनाव में लॉलीपोप का प्रलोभन देकर झुठे वायदे दिये थे जो एक भी पुरा सरकार ने नहीं किया। अबकी बार चुनाव में जनता हिसाब चुकता करेगी। बैठक में भावी प्रत्याशी चंद्रमा कुमारी ने कहा कि राज्य की निकम्मी सरकार मइयां सम्मान योजना के नाम पर महिलाओं का वोट बैंक बनाना चाहती है। सरकार के द्वारा युवाओं के लिए रोजगार नहीं दिया जा रहा है। सरकार काम नहीं कर रही है बल्कि केवल अपना वोट बैंक की राजनीति करने में लगी हुई है। बैठक में अनुपस्थित पाटन मंडल के पुराने भाजपा नेताओं ने वर्तमान विधायक पुष्पा देवी पर सम्मान नहीं देने का आरोप लगाया।



भाजपा पाटन मंडल कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते अतिथि।

## स्पीड न्यूज

### सिमरिया में एयरटेल और जियो के नेटवर्क की समस्या, उपभोक्ता परेशान

**चतरा।** सिमरिया में एयरटेल और जियो कंपनी का नेटवर्क पिछले कई दिनों से लचर बना हुआ है, जिससे उपभोक्ता परेशान हैं। एयरटेल नेटवर्क से कॉल पर बात करने में सबसे ज्यादा समस्या आ रही है और इसका इंटरनेट स्पीड भी बेकार साबित हो रहा है। एयरटेल और जियो की सबसे घटिया नेटवर्क सबानो और बनासाड़ी में है। जियो एयर फाइबर का इंटरनेट स्पीड भी यहां धीमी है। उपभोक्ता महंगे प्लान खरीदने के बावजूद मोबाइल कॉलिंग और इंटरनेट की स्पीड ना मिलने से परेशान हैं। कमजोर डाटा स्पीड लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है।

### जेजे कॉलेज में इग्नू में नामांकन की तिथि बढ़ी

**कोडरमा।** जेजे कॉलेज में स्थित इग्नू के विभिन्न कोर्सो में ऑनलाइन नामांकन की तिथि बढाई गयी है। स्नातक, स्नातकोत्तर और विभिन्न डिग्री, डिप्लोमा (सेमेस्टर आधारित प्रोग्राम और सर्टिफिकेट कोर्स को छोड़ कर) में इच्छुक छात्र छात्राएं 30 सितंबर तक नामांकन करवा सकते हैं। उपरोक्तजानकारी इग्नू की समन्वयक डॉ.निकहत प्रवीण ने दी।

### सड़क हादसे में एक घायल

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदरवा चौक के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पलट जाने से मोटरसाइकिल सवार 49 वर्षीय काशी सिंह इंदरवा निवासी गिर कर घायल हो गया। वहीं बताया जाता है कि काशी सिंह अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर इंदरवा चौक से वापस अपने घर लौट रहा था, इसी दौरान मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

### राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम आज

**कोडरमा।** जिला प्रशासन द्वारा कोडरमा प्रखंड के बलरोटांड़ स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में 24 सितंबर को राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास मंत्रालय अन्नपूर्णा देवी शामिल होंगी।

### गुड व बैड टच, यातायात नियमों सहित अन्य की दी गई जानकारी

**कोडरमा।** पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक रांची के आदेश के आलोक में एसपी अनुदीप सिंह के निर्देशानुसार जिले के सतगांवा थाना अंतर्गत सुदूरवर्ती पिछड़ा क्षेत्र ग्राम राजाबार के राजाबार पिकेट में तैनात जैप-5 के आरक्षी सूर्यनंदन कुमार शर्मा द्वारा पच्यियारडीह मुसहर टोला में जाकर बच्चों को पढ़ाया, साथ ही बच्चों को गुड/बैड टच, यातायात नियमों, साइबर धोखाधड़ी एवं नशीले पदार्थों के दुष्परिणाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहने वाले सुदूरवर्ती पिछड़ा क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा प्रदान करना और उन्हें महत्वपूर्ण विषयों के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक करना है।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले नेता थे सच्चिदानंद सिंह : अशोक

**जयनगर (कोडरमा)।** माले ने दिवंगत कामरेड सच्चिदानंद सिंह की 9वीं पुण्यतिथि गमहरबाद गांव में प्रखंड सचिव अशोक यादव की अध्यक्षता में दो मिनट का मौन रखकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर पुण्यतिथि मनाई गई। वहीं वक्ताओं ने कहा कि सच्चिदानंद जी जाति धर्म से ऊपर उठकर सभी दबे कुचले गरीबों शोषितों के लिए संघर्ष करने वाले पार्टी के निष्ठावान योद्धा थे एवं आज भी उनकी कमी हमेशा पार्टी को खलती है। वे पार्टी को मार्गदर्शन देने वाले नेता थे। मौके पर विजय पासवान, मुन्ना यादव, असगर अंसारी, चांद अख्तर, देवानंद सिंह, विकास सिंह, काली सिंह, मथुरा सिंह, महेश्वर सिंह, नवीन सिंह, प्रवीण सिंह, गणेश सिंह, उषा देवी, गुंजा देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

## 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम आज इटखोरी में

# सीएम हेमंत सोरेन लेंगे भाग, तैयारी पूरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज इटखोरी के भद्रकाली मंदिर स्थित महोत्सव मैदान में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होंगे। सीएम रांची से दोपहर करीब 12:30 बजे हेलिकॉप्टर से कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। चतरा उपायुक्त रमेश घोलप ने बताया कि आज 24 सितंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चतरा और कोडरमा जिले से संबंधित विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और परिसंपत्ति वितरण करेंगे। चतरा जिले के इटखोरी में होने वाले इस कार्यक्रम के लिए प्रशासनिक और सुरक्षात्मक व्यवस्था की गई है। लगभग डेढ़ हजार करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन होगा, वहीं सीएम दोनों जिले के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण



करेंगे। लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में कोडरमा और चतरा जिले के प्रशासनिक पदाधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। लाभार्थियों के लिए आने-जाने की व्यवस्था की गई है। उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम स्थल पर बनाए गए मंच, टेंट और स्टॉल, कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल की व्यवस्था, अस्थायी शौचालय की व्यवस्था, आगंतुकों, अतिथियों और आमजनों के बैठने की समुचित व्यवस्था, विधि-व्यवस्था, प्राथमिक उपचार, अस्थाई हेलीपैड निर्माण समेत अन्य तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार, जिला खेल कूद पदाधिकारी तुषार रॉय समेत अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे।

## चौकीदार व होमगार्ड बहाली को लेकर डीसी व एसपी ने किया स्थल निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में चौकीदार एवं होमगार्ड की बहाली से संबंधित होने वाले दौड़ की तैयारी को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज व एसपी अनुदीप सिंह द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने पुलिस लाईन और केटीपीएस रोड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत उपायुक्त ने चौकीदार और होमगार्ड की बहाली से संबंधित होने वाले दौड़ की सारी तैयारी सुदृढ़ करने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की दिक्कतें न हो, इसकी तैयारी सुनिश्चित कर लेंगे। मौके पर एसडीओ रिया सिंह, एसी पूनम कुजुर, डीटीओ विजय कुमार सोनी, एसडीपीओ जितवाहन उरांव, सना उस्मानी, सीओ चंदवारा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## ग्रिजली कॉलेज में स्वच्छता ही सेवा के तहत दिलायी गयी शपथ

# स्वच्छता ही अच्छे स्वास्थ्य का मूल मंत्र स्वच्छ और स्वस्थ्य भारत बनाना लक्ष्य



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में भारत सरकार के युवा एवं खेलकूद मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के बीएड सत्र 2023-25 के प्रशिक्षुओं द्वारा जिले के विभिन्न शिक्षण अभ्यास केंद्रों सीडी बालिका उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया, सीएच उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया, गांधी उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया, आरएमएम प्लस टू उच्च विद्यालय चंदवारा, अपग्रेडेड हाई स्कूल जोंगी आदि में उपस्थित प्रशिक्षुओं, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं सभी सदस्यों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई, साथ ही स्वच्छता के प्रति सदैव सजग रहने हेतु प्रेरित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मदुला भगत ने सभी प्रशिक्षुओं को स्वच्छता के लिए जागरूक किया और अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता ही अच्छे स्वास्थ्य का मूल मंत्र है। इस अवसर पर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला नोडल पदाधिकारी सौरभ शर्मा ने कहा कि राष्ट्र के विकास, पर्यावरण संरक्षण वो संतुलन एवं निरोग रहने में स्वच्छता अति महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हमें स्वयं से नित्य दिन स्वच्छता को आत्मसात करते हुए स्वच्छ भारत स्वस्थ्य भारत बनाना है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशिक्षु सोनाली कुमारी सिंह, पूजा रवि, श्रेया पांडेय, अंगूरी खातून, नेहा कुमारी, रियांशु कुमारी, महिमा बग्गा, राहुल कुमार, नितेश कुमार सेठ, राकेश कुमार शर्मा, आरती कुमारी, रेणु कुमारी, मिनल कुमारी, पूनम कुमारी, स्वेता कुमारी रजक, मुरली यादव, प्रिया कुमारी, निशा कुमारी, रीता कुमारी, सीमा कुमारी वर्मा, रिंकी कुमारी, शीतल मोदी, शिल्पी बर्णवाल, निरंजन कुमार, सुनील कुमार, राहुल कुमार मोदी, अक्षय रविदास, राहुल कुमार आदि मौजूद थे।

## यूपी के सीएम योगी कल चतरा में करेंगे जनसभा



**चतरा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 25 सितंबर को चतरा जिले के प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। वे एक दिवसीय दौरे पर चतरा आ रहे हैं और उनके आगमन को लेकर यहां तैयारी की जा रही है। सीएम योगी प्रतापपुर हाई स्कूल ग्राउंड में एक सभा को संबोधित करेंगे और उनके साथ पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी समेत राज्य के कई दिग्गज नेता भी रहेंगे। चतरा में सीएम योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर लोगों में भारी उत्साह है। मुख्यमंत्री योगी की जनसभा में हजारों से अधिक की भीड़ जुटने की संभावना है। युवा नेता चतरा विधानसभा राजेश पासवान,मंडल अध्यक्ष चतरा ग्रामीण सुबोध सिंह गुड्डू, महामंत्री दिनेश गोप, चतरा नगर अध्यक्ष संजय प्रजापति, महामंत्री अमित राम समेत अन्य उपस्थित थे।

## 26 अक्टूबर को विजोया सम्मेलन करने का निर्णय



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** झारखंड बंगाली एसोसिएशन की कोडरमा शाखा की ओर से रविवार की देर शाम अध्यक्ष ओमियो विश्वास की अध्यक्षता में बैठक की गयी। वहीं अड्डी बंग्ला रोड स्थित रविंद्र भवन के सभागार में हुई बैठक में आगामी 26 अक्टूबर को विजोया सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया और इसके सफल संचालन का जिम्मा संगठन की महिला विंग को दिया गया। इसके पूर्व नई महिला संगठन का गठन किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से चैताली चटर्जी अध्यक्ष व चंद्राणी सरकार सचिव चुने गए। वहीं बालक दास गुप्ता को उपाध्यक्ष व उर्मिला दास सह सचिव बनाए गए। जबकि गायत्री दत्त कोषाध्यक्ष व सीमा राय को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में सम्मेलन की तैयारी को लेकर आपस में विचार विमर्श किया गया। सम्मेलन में आयोजित समाज के बच्चों के बीच होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। साथ ही गत वर्ष के सम्मेलन के आय-व्यय का व्योरा संगठन के कोषाध्यक्ष आलोक सरकार ने प्रस्तुत किया। बैठक में संगठन के सचिव उत्तम चटर्जी, पूर्व सचिव प्रदीप साहा, विमल चटर्जी, सुनील देवनाथ, सुधन्य घोष, अरुप मित्र, भ्रमर राय, विपुल गुप्त, तारकनाथ दत्त, सपन डे, गौतम पाल, कल्याणी सरकार, मिली मित्र, तन्मय बनर्जी आदि मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन के द्वारा समाहरणालय परिसर में

# एक दिवसीय धरना प्रदर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झारखण्ड राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन जिला कमिटी के द्वारा समाहरणालय परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इससे पहले कोलटेक्स से जुलूस निकाला गया जो समाहरणालय पहुंचने पर धरना में तब्दील हो गया। वहीं मुख्य रूप से उपस्थित एटक प्रदेश उपाध्यक्ष सोनिया देवी ने कहा की आज सेविका सहायिका जो धरना प्रदर्शन कर रही है, इनका मुख्य मांग है। इनको सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए, साथ ही काम के अनुसार मानदेय दिया जाए, ये लोग बहुत कम मानदेय में काम कर रही है, इनको परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। वहीं एटक जिलाध्यक्ष सरिता रानी ने कहा की हम सभी को स्थाई किया जाए एवं पेंशन भी लागू किया जाए। वहीं एटक जिला कोषाध्यक्ष ममता सिंह ने कहा की हमलोगों को मनमाने तरीके से काम लिया जाता है, उस अनुसार मानदेय नहीं मिलता है।

**मुख्य मांगे :** सेविका सहायिका को सरकारी का दर्जा दिया जाय, सेविका सहायिका का कामों को देखते हुए व महगाई पर विचार करते हुए मानदेय छब्बीस हजार किया जाय। आंगनबाड़ी के कार्यों के अलावा अन्य कार्यों से सेविका सहायिका को अलग रखा जाय। ईंधन के लिए गैस भराने का राशि दिया जाय। 60 वर्ष काम करने के बाद पेंशन लागू किया जाय, सरकारी स्कूल के अवकाश की तरह अवकाश दिया जाय, सेविका को योग्यता के अनुसार सुपरवाइजर में प्रमोशन दिया जाय। पोषाहार राशि का भुगतान प्रतिमाह किया जाय, अथवा राशि देने में वयस्था की जाय, झारखण्ड विधानसभा में वर्ष 2023-2024 में किये गए घोषणा के अनुसार उच्च कोटी का स्मार्टफोन देने का व्यवस्था की जाय, ताकि पोषण देकर तथा मोबाइल से जुड़े अन्य कार्यों को करने में सुविधा ले सके। सुप्रीम कोर्ट के सभी ग्रेचयूटी को लागू किया जाय। आंगनवाड़ी के बच्चो के लिए रोज नास्ता एवं भोजन के लिए राशि बाजार दर पर देने की वयस्था किया जाय। पोषाहार की राशि अग्रिन भुगतान किया जाय। सभी आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चो का पोशाक दिया जाय। सभी आंगनबाड़ी केंद्र में पोषाहार बनाने की लिए बर्तन दिया जाय। मौके पर सरिता रानी, अनीता देवी, शबाना आजमी, सुशबू देवी, उर्मिला देवी व सैकड़ों सेविका सहायिका मौजूद थे।

# मेडिको विधिक जागरूकता शिविर सह मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में झुमरीतिलैया स्थित वृद्धाश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों के लिए मेडिको विधिक जागरूकता शिविर सह मेडिकल चेकअप केंप का आयोजन किया गया।

वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करना हम सभी नागरिकों का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों का हनन नहीं हो तथा उनके मौलिक



अधिकार संरक्षित रह सके, इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार कृत संकल्पित है। श्री तिवारी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपने माता पिता एवं बुजुर्गो का सम्मान किए बिना किसी भी क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ सकता तथा बुजुर्गो का सम्मान कर प्राधिकार खुद को गौरवान्ति महसूस कर रहा है। श्री तिवारी ने कहा कि नई पीढ़ी को बुजुर्गो का सम्मान करना चाहिए उनके द्वारा दिए मार्ग दर्शन को अपनाना चाहिए साथ ही उनके हर छोटी बड़ी चीजो का ध्यान रखना चाहिए। वहीं अपने संबोधन में प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार बुजुर्गो के हक़ एवं अधिकार के लिए निःशुल्क विधिक सेवा प्रदान करने हेतु सदैव तत्पर है। वहीं श्री कुमार ने कहा कि वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों की सुख सुविधा का ध्यान रखते हुए उन्हें हर संभव सहायता देने की पूरी कोशिश करेगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी बुजुर्गों का मेडिकल जांच किया गया तथा प्रधान जिला जज ने वहां उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को सभी बुजुर्गो के स्वास्थ्य की नियमित जांच करने एवं उन्हें दवा उपलब कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रधान जिला जज ने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और वहां की पूरी व्यवस्था की जांच की। वहीं प्रधान जिला जज ने राजीव गांंी मेमोरियल ट्रस्ट को वृद्धाश्रम की व्यवस्था संचालित करने के लिए बधाई दी। मौके पर एसीएमओ डॉ. रणजीत कुमार, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. आरपी शर्मा, राजीव गांधी मेमोरियल ट्रस्ट के सचिव मोती लाल एवं न्यायालय कर्मी रणजीत कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### दुर्गा पूजा समिति की बैठक में कमिटी का हुआ पुनर्गठन



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** सिसई में रविवार को दुर्गा पूजा समिति 2024 के पुनर्गठन के लिए ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता छेदी पांडेय ने की और संचालन विश्वेश्वर रजक ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से दस दिवसीय नवरात्रोत्सव को हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाने के लिए पूजा समिति का गठन किया गया। समिति में मुखिया निलेश ज्ञासेन उर्फ सोनू सिन्हा को मुख्य संरक्षक, शैलेश भारतीय को अध्यक्ष, राजू रजक को सचिव, संतोष पांडेय को कोषाध्यक्ष और मुकेश आनंद को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इसके अलावा, 18 सदस्यीय चयनित संरक्षक मंडली का भी गठन किया गया, जिसमें छेदी पांडेय, ईश्वर दयाल पांडेय, विश्वेश्वर रजक, संजीव पांडेय, मुक्तेश्वर पांडेय, द्वारिका पांडेय, परमेश्वर रजक, जयप्रकाश रजक, रामचंद्र पांडेय, साकेत कुमार, उदय पांडेय, चंद्रशेखर रजक, केवल भुईयां, मंटु भुईयां, रामदुलार रजक, जगदीश महतो, केदार महतो और चौधरी महतो शामिल हैं। पूजा और कार्यक्रम को सुव्यवस्थित बनाने के लिए कई अन्य लोगों को भी महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं।

### कोयला वाहन की चपेट में आने से एक की मौत



खबर मन्त्र संवादाता

**टंडवा (चतरा)।** सीसीएल के आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र स्थित बिंगलात एक नंबर गेट के समीप एक अनियंत्रित कोल वाहन ने बुकरु निवासी प्रवेश सिंह नामक मोटरसाइकिल चालक को रौंद दिया, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना को अंजाम देने वाले कोल वाहन को आम्रपाली पिकेट ले जाया गया। शव को मुख्य सड़क पर रखकर ग्रामीणों और परिजनों ने टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क पर कोल वाहनों का परिचालन बंद कर दिया और नौकरी और मुआवजे की मांग की।

स्थानीय प्रशासन द्वारा घटना की जांच की जा रही है और उचित कार्रवाई की जा रही है।

### कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवादाता

**गिद्धौर।** प्रखंड में कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज की बैठक रविवार को बटेश्वर शिव मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में मासिक बैठक, शिक्षा और झारखंड प्रदेश कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासमिति की आगामी बैठक सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि महीने के अंतिम रविवार को बैठक निश्चित रूप से बैठेगी। शिक्षा के संबंध में, समाज के सदस्यों ने निर्णय लिया कि अपने से गरीब विप्र बंधुओं के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले, इसके लिए सभी को ध्यान देने की आवश्यकता है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 29 सितंबर, रविवार को हजारीबाग में झारखंड प्रदेश कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासमिति की बैठक होगी, जिसमें प्रदेश के सभी पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहेंगे। बैठक प्रदेश अध्यक्ष अमरेश गणक के निदेर्शानुसार बुलाई गई है और हजारीबाग के बस स्टैंड स्थित मधुबन होटल में होगी। बैठक में प्रखंड अध्यक्ष संजय पांडेय, जिला संरक्षक कृष्ण देव पांडेय, जिला सचिव राजन पांडेय, गिद्धौर जिला कार्यकारी सदस्य प्रमोद पांडेय, प्रदीप पांडेय, शास्त्री भैरव पांडेय, पं. बैजनाथ पांडेय, लंबोदर पांडेय, कृष्णा पांडेय, श्रीकांत पांडेय, कामदेव पांडेय, मुनि पांडेय, पंकज पांडेय, बनवारी पांडेय, सत्यदेव पांडेय, जमुना पांडेय, प्रदीप पांडेय, लखन पांडेय, बारिसाखी लक्ष्मी पांडेय, दिनेश्वर पांडेय, जगी गौतम पांडेय, बसंत पांडेय, प्रकाश पांडेय सहित सैकड़ों ब्राह्मण समाज के सदस्य मौजूद थे।

### अवैध शराब के विरुद्ध चला छापामारी

**45 लीटर देशी शराब बरामद**

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर सतगांवा थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम शिवपुर मुसहरी टोला में अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी में पुलिस ने 45 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया। मिली जानकारी के अनुसार, पुअनि. विजय कुमार गुप्ता, प्रभारी सतगांवा थाना के नेतृत्व में रविवार को सतगांवा थाना क्षेत्र के शिवपुर मुसहरी टोला में अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी की गई। छापामारी के दौरान तीन पीले रंग के डिब्बों में 45 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया। इस संदर्भ में सतगांवा थाना काण्ड संख्या 73/24 के तहत मामला दर्ज करते



हुए अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। छापामारी दल में थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता, पुअनि श्रवण कुमार राम व सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

